अनुलग्नक-I

फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन करने के लिए मार्गदर्शन

आन लाइन आवेदन करने से पहले यह जरूरी है कि उम्मीदवार अपनी फोटो और हस्ताक्षरको स्कैन की हुई (डिजिटल) इमेज बना लें और इसका तरीका निम्नानुसार रहेगा:

(i) फोटोग्राफ इमेज:

- आपका फोटोग्राफ नवीनतम और पासपोर्ट स्टाइल कीकलर पिक्चर होनी चाहिए।
- फोटो कलर होनी चाहिए, और बैक ग्राउंड हलके रंग में होनी चाहिए, बैकग्राउंड सफेद हो तो बेहतर रहेगा।
- शांत चेहरे से सीधे कैमरे की तरफ देखें।
- यदि फोटो धूप में लिया जा रहा हो तो खुद को छाया में रखते हुए फोटो खिंचवाएं ताकि आपकी आंखें बंद नहीं हों और परछाई भी नहीं बने।
- यदि फ्लैश का प्रयोग किया हो तो 'रेड आई' नहीं आने पाए।
- यदि आप चश्मा लगाते हों तो ध्यान रखें कि चश्में कीलेन्स में से आपकी आंखे दिखाई दें, रिफ्लेक्शन नहीं हो।
- टोपी, हैट और गहरे रंग के चश्मे वाले फोटो स्वीकार नहीं किए जाएंगे। धार्मिक पगड़ी आदिकी अनुमति है लेकिन इससे आपका चेहरा ढका नहीं होना चाहिए।
- आकार 200 x 230 पिक्सेल (बेहतर)
- इमेज फाइल का साइज 20kb–50kb के बीच रहे।
- यह निश्चित कर लें कि स्कैन की हुई इमेज फाइल का आकार 50KB से ज्यादा नहीं हो। स्कैनिंग के दौरान यदि फाइल का साइज 50 KB से अधिक बन रहा हो तो DPI रिजोल्यशन, कलर संख्या आदि के लिए स्कैनर की सेटिंग बदल लें।

(ii) हस्ताक्षर की इमेज:

- उम्मीदवार सफेद कागज पर काली स्याही से हस्ताक्षर करें।
- उम्मीदवार स्वयं ही हस्ताक्षर करें, कोई दूसरा हस्ताक्षर नहीं करे।
- यही हस्ताक्षर हॉल टिकट पर और जहां भी जरूरी होगा,वहां प्रयोग किया जाएगा।
- यदि परीक्षा के समय उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर और हॉल टिकट पर किए गए हस्ताक्षर बेमेल हुए तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा।
- आकार 140 x 60 पिक्सेल (बेहतर)
- इमेज फाइल का आकर 10kb – 20kb के बीच रहे।
- निश्चित कर लें कि स्कैन की गई इमेंज फाइल का आकार 20KB से अधिक नहीं हो।

(iii) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग:

- स्कैनर को न्यूनतम 200 dpi (dots per inch) के रिजोल्यूशन पर रखें।

- कलर को True Color पर रखें।
- फाइल का आकार ऊपर बताए अनुसार रखें।
- स्कैनर पर फोटो/हस्ताक्षर की इमेज पर एक दम किनारे तक crop करें, फिर फाइल को सही आकार (ऊपर बताए अनुसार) का बनाने के लिए अपलोड एडिटर में इमेज को crop करें।
- इमेज फाइल को .JPG या .JPEG फॉर्मेट में तैयार करें, जैसे कि फाइल का नाम : image01.jpg या image01.jpeg होना चाहिए। आप इमेज के आकार को फोल्डर फाइल की लिस्टिंग द्वारा या फाइल इमेज के आइकॉन पर माउस प्वांटर ले जाकर देख सकते हैं।

MS Windows/MSOffice का प्रयोग करने वाले उम्मीदवार फोटो और हस्ताक्षर को आसानी से 50KB और 20KB सेअनधिकआकार की .jpeg फॉर्मेट में तैयार कर सकते हैं। इसके लिए MS Paint या MSOffice Picture Manager का प्रयोग कर सकते हैं। फोटो और हस्ताक्षर का स्कैन करके बनी हुई किसी भी फॉर्मेट की फाइल को File menu में 'Save As' विकल्प का प्रयोग करके आसानी से .jpg फॉर्मेट में 50KB (फोटोग्राफ) और 20KB (हस्ताक्षर) से कम की फाइल तैयार की जा सकती है। फाइल का आकार कम करने के लिए 'Image' मेनू में crop और फिर resize विकल्प (कृपया ऊपर दिए हुए (i) और (ii) को देखें – जिनमें पिक्सेल आकार बताए गए हैं) का प्रयोग करें। दूसरे फोटो एडिटरों में भी ऐसे विकल्प उपलब्ध हैं।

यदि फाइल का आकार और फॉर्मेट ऊपर बताए अनुसार नहीं हुआ तो error message दिखाई देगा।

ऑन लाइन आवेदन फॉर्म भरते समय उम्मीदवार पेज 1 पर अपने विवरण भरें। यह जांच लेने के बाद कि भरे गए सभी विवरण सही हैं और 'Submit/Next' बटन पर क्लिक करेंजिसके बाद ऑन लाइन आवेदन फॉर्म के पेज 2 पर एक लिंक दिखाई देगा, जिसके अनुसार अपना फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करें।

<u>(iv) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने का तरीका</u>

- फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दो अलग अलग लिंक रहेंगे।
- संबंधित लिंक अर्थात "Upload Photograph / Signature" पर क्लिक करें।
- उस लोकेशन को Browse करें जहां आपने स्कैन किए हुए फोटो/हस्ताक्षर की फाइल सेव की है।
- फाइल पर क्लिक करके उसका चयन करें।
- 'Upload' बटन पर क्लिक करें।
- यदि आप अपना फोटो और हस्ताक्षर बताए अनुसार अपलोड नहीं करेंगे तो आपका ऑन लाइन आवेदन पंजीकृत नहीं होगा।

नोट:

- यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है तो उम्मीदवार का आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।
- उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि पंजीकरण के बाद सिस्टम से तैयार किए गए ऑन लाइन आवदेन फार्म का प्रिन्ट आउट निकाल लें।
- यदि फोटो या हस्ताक्षर अस्पष्ट हों तो उम्मीदवार अपने आवेदन को एडिट करें और अपने फोटो या हस्ताक्षर को फिर से अपलोड करें।